विधानसभा / महत्वपूर्ण

# कार्यालय संचालक

## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email- dirfood.cg@gov.in, website- www.fcs.cg.gov.in)

क्रमांक 58 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 30 / 06 / 2026

प्रति,

1. **प्रबंध संचालक,**
राज्य नागरिक आपूर्ति निगम,
अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग.

2. **प्रबंध संचालक,**
छ.ग. राज्य भंडार गृह निगम,
अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग.

3. **कलेक्टर**
जिला–कोरबा, बेमेतरा
छत्तीसगढ़

**विषय :– विधानसभा प्रश्न क्रमांक 772 तारांकित द्वारा श्री ब्यास कश्यप, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 772 तारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 02.07.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@gov.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 59 / संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 30 / 06 / 2026

**प्रतिलिपि :–**

खाद्य अधिकारी, जिला– कोरबा, बेमेतरा, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ विधान सभा सचिवालय

**प्रश्न**

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **10/07/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **17/07/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **कोरबा जिले में अमानक चावल खरीदी की जांच**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **772** ) **श्रीब्यास कश्यप**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) वर्ष 2025-26 (नवंबर-दिसंबर) में कोरबा जिले में अमानक चावल की खरीदी, सरकारी पोर्टल हेतु डिजिटल आईडी के अनधिकृत हस्तांतरण तथा बाहरी व्यक्तियों द्वारा उपार्जन कार्य संचालित किए जाने संबंधी कितनी शिकायतें प्राप्त हुई? इन शिकायतों पर अब तक क्या जांच एवं कार्रवाई की गई? (ख) क्या निलंबित तत्कालीन जिला प्रबंधक, कोरबा द्वारा मुख्य सचिव को प्रेषित शिकायत एवं विभागीय नोटशीट दिनांक 02.04.2026 में एजीएम के स्थानांतरण का उल्लेख है? यदि हां, तो मुख्य सचिव कार्यालय के निर्देशों के बावजूद स्थानांतरण आदेश लंबित रखने तथा संबंधित अधिकारी को पदोन्नति देने के क्या कारण हैं? (ग) क्या यह सत्य है कि तत्कालीन जिला प्रबंधक, बेमेतरा ने बिना सक्षम अनुमति किसी कर्मचारी की डिजिटल आईडी कोरबा स्थानांतरित कर उसे एक बाहरी व्यक्ति को सौंपा था? यदि हां, तो क्या कार्रवाई की गई? (घ) इस प्रकरण में कथित मुख्य साजिशकर्ताओं सहित वरिष्ठ अधिकारियों पर कार्रवाई न करते हुए केवल अधीनस्थ कर्मचारियों पर कार्रवाई क्यों की गई? क्या शासन इस मामले की निष्पक्ष जांच एसआईटी, एसीबी अथवा ईओडब्ल्यू से कराएगा?

---

**उत्तर :**

Collector कोरबा / बेमेतरा / MAN / SWC